# Daily Current Affairs

Date : 17 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | वनस्थली विद्यापीठ में आईएचसीआई सम्मेलन |
| 2. | राजस्थान के नए मुख्य सचिव : वी. श्रीनिवास |
| 3. | राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह |
| 4. | प्रो. पृथ्वी सिंह कांधल लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित |
| 5. | गोल्डन दादी पाना देवी को 4 गोल्ड |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. श्री गुरुनानक देव वाटिका ग्रीन लंग्स मुंगस्का' |
| 7. | मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (MAHSR) |
| 8. | 20th इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग सेरेमनी |
| 9. | INS माहे |
| 10. | उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक |
| 11. | दुबई एयर शो 2025: वैश्विक एयरोस्पेस में भारत का बड़ा कदम |
| 12. | भारत-फ्रांस एयर ड्रिल गरुड़-2025 |
| 13. | राष्ट्रीय प्रेस दिवस - 2025 |
| 14. | कुशल दलाल ने जीटी ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता |
| 15. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. चौथा राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्पोर्ट्स मीट 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## वनस्थली विद्यापीठ में आईएचसीआई सम्मेलन

### चर्चा में क्यों?

- जयपुर वनस्थली विद्यापीठ के तत्वावधान में 'इंटेलीजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन' (IHCI-2025) पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 14-16 नवंबर, 2025 को किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- सम्मेलन का 17वाँ संस्करण है, जिसमें 25 देशों के 300 से अधिक विद्वान, उद्योग विशेषज्ञ और शोधार्थी भाग ले रहे हैं।
- सम्मेलन के दौरान मानव एवं मशीन इंटेलिजेंस के बीच इंटरेक्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चुनौतियाँ, फेयर और एक्सप्लेनेबल एआई, स्पोर्ट्स एन्विरॉन्मेंट्स, सस्टेनेबल एआई तथा सैन्य प्रणालियों में एआई की भूमिका पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान व बीज वक्तव्य प्रस्तुत किए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के नए मुख्य सचिव : वी. श्रीनिवास

## चर्चा में क्यों?

- वी. श्रीनिवास, 1989 बैच (राजस्थान कैडर) के वरिष्ठ आईएएस अफसर, राजस्थान के 45वें नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए।



## मुख्य बिन्दु:

- उन्होंने सितंबर, 2003 से अक्टूबर, 2006 तक अमेरिका के वॉशिंगटन डी.सी. स्थित 'इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड' (IMF) में भारत के एडवाइज़र टू एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्य किया।
- डिजिटल भारत के सपने को साकार करने में श्रीनिवास की भूमिका विशेष रही, जैसे स्वास्थ्य क्षेत्र में दिल्ली एम्स में डिजिटल एम्स प्रोजेक्ट लॉन्च कर मरीजों को कतारों से राहत दिलाई।
- अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) के अध्यक्ष बने—यह उपलब्धि पाने वाले वे पहले भारतीय आईएएस हैं।
- मुख्य सचिव पद के साथ-साथ खान एवं खनिज निगम लिमिटेड, उदयपुर के चेयरमैन और नई दिल्ली के मुख्य आवासीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास रहेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह

## चर्चा में क्यों?

- राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवंबर, 2025 को डूँगरपुर (राजस्थान) में आयोजित हुआ।




## मुख्य बिन्दु:

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों-छात्रों को 204 करोड़ रुपये की डीबीटी व 87 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया।
- राज्य सरकार द्वारा जनजाति छात्रावास, खेल अकादमी, माँ-बाड़ी केन्द्र, वन धन केंद्र, नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि मिनिकिट, पोशाक व स्टेशनरी योजनाओं की विस्तृत घोषणा।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से सौंध माटी आदिधरोहर प्रलेखन योजना के तहत् जनजाति कलाकार वाद्य यंत्र, पाक कला, आस्था केंद्रों, ऐतिहासिक महत्त्व के स्थल, चित्रकारी, भित्ति चित्र, काष्ठ व प्रस्थर कला, नृत्य एवं गायन के प्रलेखन कार्य हेतु सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना शुरू की गई है। योजना का उद्देश्य राजस्थान के इतिहास से जुड़े ऐतिहासिक महत्त्व की वस्तुओं को संरक्षित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रो. पृथ्वी सिंह कांधल लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

## चर्चा में क्यों?

- भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित आइआरसी के 84वें वार्षिक सत्र के उद्घाटन समारोह में सड़क निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं, के लिए प्रोफेसर पृथ्वी सिंह कांधल को वर्ष 2025 का 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) का 84वाँ वार्षिक अधिवेशन 7 नवंबर से 10 नवंबर, 2025 में भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित किया गया था।
- **विषय:** "राजमार्ग प्रौद्योगिकी और नीति में प्रमुख प्रगति"
- प्रोफेसर कांधल वर्तमान में यूएसए के ऑबर्न विश्वविद्यालय स्थित नेशनल सेंटर फॉर एस्टफॉल्ट टेक्नोलॉजी में एसोसिएट डायरेक्टर एमेरिटस हैं। उन्होंने 120 से अधिक तकनीकी शोध पत्र प्रकाशित किए और भारत में एस्टफॉल्ट रोड निर्माण, पर पहली टेक्स्टबुक 'बिटुमिनस रोड कंस्ट्रक्शन इन इंडिया' लिखी।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) 2025

- **भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC):** यह भारत में राजमार्ग इंजीनियरों की शीर्ष संस्था है, जिसकी स्थापना 1934 ई. में सड़क विकास के उद्देश्य से की गई थी।

### आयोजक और मंत्रालय:

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
- लोक निर्माण विभाग, ओडिशा सरकार।
- **अन्य संबंधित विभाग:** इस आयोजन में सड़क सुरक्षा क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाइयाँ, मोटर वाहन विभाग, और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जैसे विभिन्न सरकारी निकाय शामिल थे।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गोल्डन दादी पाना देवी को 4 गोल्ड

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप, चेन्नई में 100 मीटर दौड़, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो—चारों प्रतियोगिताओं में चार स्वर्ण पदक (गोल्ड) जीते।




## मुख्य बिन्दु:

- पाना देवी गोदारा (गोल्डन दादी), उम्र 94 वर्ष, बीकानेर की निवासी हैं और मास्टर एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन कर चुकी हैं।
- कुल गोल्ड मेडल - अब तक अपने करियर में 16 गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।
- इस वर्ष मार्च में बेंगलुरु में आयोजित 45वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शॉट पुट, 100 मीटर दौड़ और डिस्कस थ्रो में भी गोल्ड मेडल जीते।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>

**श्री गुरुनानक देव वाटिका ग्रीन लंग्स मुंगस्का’**




- मुंगस्का (अलवर) में “ग्रीन लंग्स गुरुनानक वाटिका” का केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा द्वारा लोकार्पण।
- पर्यावरण सरंक्षण, स्वच्छ अलवर व अतुल्य अलवर अभियान के तहत् अलवर को स्वच्छ, हरित एवं सतत् शहरी नियोजन की दिशा में मील का पत्थर।

</td></tr>
</table>



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (MAHSR)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सूरत में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की।




### मुख्य बिन्दु:

- **निर्माण :** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) द्वारा।
- **तकनीक :** जापानी शिंकानसेन प्रणाली (E5 सीरीज रोलिंग स्टॉक)।
- **लंबाई :** 508.18 किमी (महाराष्ट्र, गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली)
- MAHSR 508.18 किलोमीटर लंबा है, जिसमें गुजरात और दादरा और नगर हवेली में 352 किमी और महाराष्ट्र में 156 किमी शामिल हैं।
- यह कॉरिडोर साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा, वापी, बोईसर, विरार, ठाणे और मुंबई सहित प्रमुख शहरों को जोड़ेगा, जो भारत के परिवहन बुनियादी ढाँचे में एक परिवर्तनकारी कदम होगा।
- **अनुमानित लागत :** लगभग ₹1.08 लाख करोड़।
- **वित्त पोषण :** यह परियोजना 81 प्रतिशत जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) से प्राप्त सॉफ्ट लोन द्वारा वित्त पोषित है, शेष राशि केंद्र और राज्य सरकारों के इक्विटी योगदान द्वारा वहन की जाएगी।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 20th इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग सेरेमनी

## चर्चा में क्यों?

- बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में 2 से 13 दिसंबर, 2025 तक '20th इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग सेरेमनी' का आयोजन किया जाएगा।




## मुख्य बिन्दु:

- इस चैंटिंग सेरेमनी (जप समारोह) का आयोजन वर्ष 2006 से प्रति वर्ष किया जा रहा है लेकिन यह पहली बार है जब बौद्ध विरासत और अंतर-सामुदायिक सहयोग के लिए देश भर के सत्रह बौद्ध संगठन एक साथ इस समारोह में शामिल होंगे।
- **आयोजन :** केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) द्वारा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई।
- इस भाषा को प्राचीन भारत में बौद्ध और जैन धर्म के लोग अपनी धार्मिक भाषा के रूप में इस्तेमाल करते थे।
- भगवान बुद्ध उपदेश देने के लिए पाली भाषा का उपयोग करते थे। इसी कारण पाली भाषा उनके विचारों और शिक्षाओं को फैलाने का मुख्य माध्यम बन गई। बौद्ध धर्म के अधिकतर धार्मिक ग्रंथ, खासकर त्रिपिटक पाली में ही लिखे गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# INS माहे

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना द्वारा 24 नवंबर, 2025 को मुंबई स्थित नेवल डॉकयार्ड में माहे-क्लास एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) के पहले पनडुब्बी रोधी युद्धक जलयान INS माहे की कमीशनिंग की जाएगी।






## मुख्य बिन्दु:

- **निर्माण :** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL), कोच्चि द्वारा।
- यह नौसेना के जहाज़ों के डिज़ाइन एवं निर्माण में भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अत्याधुनिक उदाहरण है। यह जहाज छोटा होते हुए भी शक्तिशाली है और चपलता, सटीकता एवं सहनशक्ति का प्रतीक है।
- इसका निर्माण 80 प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री से हुआ है। मालाबार तट पर स्थित ऐतिहासिक तटीय शहर माहे के नाम पर बने इस जहाज़ के शिखर पर 'उरुमी' अंकित है जो कलारीपयट्टू की लचीली तलवार है जो चपलता, सटीकता एवं घातकता का प्रतीक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक

## चर्चा में क्यों?

- 17 नवंबर, 2025 को फरीदाबाद (हरियाणा) में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **अध्यक्षता :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा।
- **आयोजक :** अंतर-राज्य परिषद् सचिवालय (गृह मंत्रालय) द्वारा हरियाणा सरकार की मेज़बानी में।
- **शामिल क्षेत्र :** उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ शामिल हैं।
- भारत सरकार द्वारा राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् सहित 5 क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई है।
- सदस्य राज्यों में से एक राज्य के मुख्यमंत्री, हर साल परिषद् के उपाध्यक्ष होते हैं।
- क्षेत्रीय परिषदें, केंद्र और सदस्य राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के बीच, सदस्य राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के मध्य तथा क्षेत्र के मुद्दों और विवादों को हल करने और उन पर प्रगति लाने के लिए एक श्रेष्ठ मंच प्रदान करती है।

**5 क्षेत्रीय परिषदें :**

| परिषद् | शामिल क्षेत्र |
|---|---|
| उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् | हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़। |
| पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् | बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा। |
| मध्य क्षेत्रीय परिषद् | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड। |
| पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद् | गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र तथा केंद्रशासित प्रदेश दमन और दीव तथा दादरा नगर हवेली। |
| दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद् | कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुच्चेरी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## दुबई एयर शो 2025: वैश्विक एयरोस्पेस में भारत का बड़ा कदम

### चर्चा में क्यों?

- 17-18 नवंबर को दुबई के अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित दुबई एयर शो 2025 में 150 देशों के 1,500 से अधिक प्रदर्शक, 200+ विमान और उद्योग जगत के पेशेवर शामिल हुए।




### मुख्य बिन्दु:

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और एलसीए तेजस लड़ाकू विमान शामिल थे, ने भारत की प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई।
- भारत ने अपने समर्पित मंडप का उद्घाटन किया, यूएई के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की और एक अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- एयरबस, बोइंग, लॉकहीड मार्टिन जैसी वैश्विक कंपनियों की उपस्थिति में विमानन, स्थिरता, अंतरिक्ष और एआई-आधारित रक्षा के भविष्य पर रुझान प्रस्तुत किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## भारत-फ्रांस एयर ड्रिल गरुड़-2025

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय वायुसेना का दल 16 से 27 नवंबर तक फ्रांस के मोंट-डी-मार्सन एयर बेस पर आयोजित द्विपक्षीय वायु अभ्यास 'गरुड़-2025' में भाग ले रहा है।
- **शामिल देश:** भारत और फ्रांस



### मुख्य बिन्दु:

- इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान तथा फ्रांस के राफेल फाइटर जेट कृत्रिम युद्ध वातावरण में संयुक्त उड़ानें भरेंगे।
- गरुड़ अभ्यास सामरिक अनुभव साझा करने, तकनीकी उन्नयन और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस - 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत में हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1966 में भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना का प्रतीक है।




### मुख्य बिन्दु:

- यह दिन एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका को मान्यता देता है, जिसे अक्सर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है।
- 2025 का विषय (Theme): "रिपोर्टिंग इन द ब्रेव न्यू वर्ल्ड - द इम्पैक्ट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑन प्रेस फ्रीडम एंड द मीडिया"।
- यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और पत्रकारिता में उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य को रेखांकित करता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि पत्रकारिता बाहरी प्रभावों से मुक्त हो।
- हिंदी पत्रकारिता दिवस भारत में हर साल 30 मई को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन 1826 में भारत का पहला हिंदी अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित हुआ था।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## कुशल दलाल ने जीटी ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय तीरंदाज कुशल दलाल ने 16 नवंबर, 2025 को लक्ज़मबर्ग के स्ट्रासन में जीटी ओपन इंडोर वर्ल्ड सीरीज़ 2025 में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला बड़ा इनडोर खिताब जीता।



### मुख्य बिन्दु:

- 20 वर्षीय कुशल ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन निकोलस जेरार्ड को हराकर और एक नाटकीय डबल शूट-ऑफ फाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 स्टीफन हैनसेन को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। इसी साल जून में उनकी जीत में दो एशिया कप स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।
- भारत ने अंडर-21 स्पर्धा में गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु के कांस्य पदक का भी जश्न मनाया, जिसने कंपाउंड तीरंदाजी में देश की बढ़ती ताकत को रेखांकित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **चौथा राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्पोर्ट्स मीट 2025**<br>■ **आयोजन :** राउरकेला (ओडिशा)<br>■ **आयोजक :** जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सोसाइटी (NESTS) द्वारा। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR